नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण

# ट्रेनों में टक्कर से छह की मौत

## हादसे में 15 घायल, कई ट्रेनें रद्द

**बिलासपुर 04 नवंबर ( वार्ता ) कोरबा जा रही पैसेंजर ट्रेन और कोयला से भरी मालगाड़ी के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई. हादसे में छह लोगों की मौत हो गई तथा 15 से अधिक लोग घायल हो गए. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पैसेंजर ट्रेन के दो कोच पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. बिलासपुर-कोरबा रूट ठप रहा, आठ ट्रेनें रद्द करनी पड़ीं. बहरहाल जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित की गई है.**

कई घायलों को बिलासपुर अस्पताल पहुंचाया गया है. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है. यह ट्रेन 1:30 बजे रवाना हुई थी. घटना जयरामनगर स्टेशन के बीच की है. मिली जानकारी के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि ओवरहेड वायर और सिग्नल सिस्टम को भारी नुकसान हुआ है.



> अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत कार्य में कई घंटे लग सकते हैं, जिसके कारण ट्रेनों का परिचालन देर रात तक प्रभावित रह सकता है. घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं. कुछ चश्मदीदों के मुताबिक मालगाड़ी अनियंत्रित होकर पैसेंजर ट्रेन से टकराई, जिसके कारण इंजन में आग लग गई, धुआं दूर तक फैल गया.

## दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को मिलेंगे दस-दस लाख

### घायलों को पांच-पांच लाख

**रेलवे ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंगलवार को हुए रेल हादसे के मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख देने की घोषणा की गई है. गंभीर रूप से घायल यात्रियों को पांच-पांच लाख तथा सामान्य रूप से घायल यात्रियों को एक-एक लाख की सहायता राशि दी जाएगी.**

दक्षिण पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश बिलासपुर मंडल में मंगलवार को हुए रेल हादसे के घटनास्थल पर पहुंचे तथा वहां चल रहे बचाव कार्य की नगरानी में जुट गए है. इस बीच बिलासपुर के मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया.

### सीएम साय ने जताया दुख

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर जिले के पास मुगलवार को हुई ट्रेन दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है. उन्होंने इसे अत्यंत दुखद घटना बताया और कहा कि इस दुर्घटना में प्रभावित परिवारों के प्रति राज्य सरकार पूरी संवेदना के साथ खड़ी है. साय ने दूरभाष पर बिलासपुर जिला कलेक्टर से बात कर घटना की विस्तृत जानकारी लेते हुए प्रभावितों की सहायता के निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि घायलों को तत्काल और बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाए तथा प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाए.



# सड़क चौड़ीकरण में बाधक 140 मकान तोड़े

## नगर निगम ने मास्टर प्लान सड़क निर्माण में की कार्रवाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 04 नवंबर. नगर निगम ने मंगलवार को मास्टर प्लान सड़क निर्माण में बाधक मकान तोड़ने की कार्रवाई की. इसके तहत सड़क चौड़ीकरण के लिए मालवीय नगर के 140 मकान हटाए गए हैं. ये मकान एमआर-9 से एलआईजी लिंक रोड चौड़ीकरण में बाधक थे.**

नगर निगम रिमूवल दस्ते ने आयुक्त दिलीप कुमार यादव के निर्देश मास्टर प्लान की प्रस्तावित एमआर-9 से एलआईजी लिंक रोड चौड़ीकरण में बाधक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की.निगम के रिमूवल दस्ते मालवीय नगर गली नंबर 2 स्थित क्षेत्र में अतिक्रमण हटाए. कार्रवाई के दौरान सड़क निर्माण में बाधक लगभग 140 से अधिक मकानों को हटाने की कार्रवाई की गई.

> निगम ने कार्रवाई में 5 जेसीबी मशीनों एवं 5 पोकलेन मशीनों का उपयोग किया. सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए मार्ग को पूरी तरह से मुक्त करा दिया गया है. कार्रवाई के दौरान भवन अधिकारी विनोद अग्रवाल, भवन निरीक्षक सचिन गहलोत, रिमूवल सहायक बबलू कल्याणे, निगम का रिमूवल अमला एवं पुलिस बल उपस्थित था.



## गुरु नानक देवजी की जयंती आज


**नई दिल्ली.** गुरु नानक देवजी की जयंती आज पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी. इसे गुरु नानक जयंती या प्रकाश उत्सव के नाम से जाना जाता है. यह दिन सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी को समर्पित है.

# बिहार में थमा पहले चरण का चुनाव प्रचार

**121** विधानसभा सीटों पर डलेंगे वोट | **18** जिलों में कल होगा मतदान

**पटना, 04 नवंबर.बिहार में चुनावी महासंग्राम का पहला चरण आ गया. राज्य विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए प्रचार का धुआंधार दौर मंगलवार की शाम को समाप्त हो गया. फर्स्ट फेज में कुल 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर 6 नवंबर को वोट डाले जाएंगे.**

आखिरी दिन सभी पार्टियों ने प्रचार किया. अब उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद होने के लिए तैयार है. ये चरण इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें कई बड़े नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है. पहले चरण के मतदान वाली 121 सीटों पर अब उम्मीदवार केवल घर-घर जाकर संपर्क कर सकते हैं. सामूहिक प्रचार पर रोक लगा दी गई है. ये चरण राज्य के कई महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षेत्रों को कवर करता है, जिसमें कई हाई-प्रोफाइल सीटें शामिल हैं. मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो, इसके लिए चुनाव आयोग और राज्य प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े और अभेद्य इंतजाम किए हैं. 18 जिलों के सभी मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है.



## हिंदुजा समूह के चेयरमैन का निधन


**नई दिल्ली.** जाने-माने उद्योगपति और हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद पी हिंदुजा का लंदन में निधन हो गया है, उनके परिवार के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी. वह 85 वर्ष के थे. करीबी सूत्रों ने बताया कि उद्योग जगत में 'जीपी' के नाम से मशहूर गोपीचंद पी हिंदुजा पिछले कुछ सप्ताह से अस्वस्थ थे और लंदन के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया.



एनबीसीसी NBCC नवरत्न सीपीएसई
माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
द्वारा निष्पादित
ASPIRE

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री

**एस्पायर सिलिकॉन सिटी**
फेज-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो है तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-25 मिनट


एस्पायर सिलिकॉन सिटी


एस्पायर लेज़र पार्क

**एस्पायर लेज़र पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-30 मिनट

एनबीसीसी NBCC नवरत्न सीपीएसई

**एस्पायर लेज़र वैली**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट) उत्तर प्रदेश
- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-35 मिनट


एस्पायर लेज़र वैली


एस्पायर सेंचुरियन पार्क

**एस्पायर सेंचुरियन पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि- 11.11.2025 ई.एम.डी.राशि 9.70 करोड़ रु. से 21.38 करोड़ रु. तक

8 पैकेज़ जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,069 करोड़ रु. तक है

ई-नीलामी 12.11.2025 को आयोजित की जाएगी

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें : www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in
9772907414